Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)
(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 10-07-2022 | अंक 210

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## बरही में अकीदत के साथ मनाई गई बकरीद उर्फ ईद उल अजहा

### त्याग और बलिदान का पर्व है बकरीद : मो कयूम





बकरीद की मुबारक बाद देते मुस्लिम समाज के लोग

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही के शहरी एवम ग्रामीण क्षेत्र में मुस्लिम धर्मावलंबियों का पवित्र पर्व ईद उल अजहा ( बकरीद) पूरे अकीदत के साथ मनाई गई। शहर एव गांव की ईदगाह एवम मस्जिदों में ईद –उल – अजहा की नमाज अदा की गई। इसे देखते हुए ईदगाह और मस्जिद कमेटियों के द्वारा खास तैयारी की गई थी। नमाज के लिए इबादतगारो की बड़ी संख्या को देखते हुए साफ सफाई, चटाई व दरी का इंतजाम किया गया था। ईद – उल – अजहा की नमाज के लिए सुबह 6 बजे लोगो का भीड़ उमड़ने लगी थी। इसी क्रम में बरही प्रखंड के कोनरा, छोटकी बरही, डुमरियाडीह, लसकरी, मलकोको में ईद – उल– अजहा का नमाज सुबह 7 बजे सुबह मस्जिद में पढ़ा गया। साथ ही सभी ने देश में शांति एवं अमन चौन के लिए दुआ भी मांगी । बरही पूर्वी के पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम ने बताया की कुर्बानी बलिदान और त्याग का पर्व है। साथ इस्लामिक मान्यता के अनुसार ईद– उल – अजहा के दिन अल्लाह के हुक्म पर हजरत इब्राहिम अपने पुत्र हजरत इस्माइल की कुर्बानी अल्लाह की राह के देने जा रहे थे। लेकिन अल्लाह ने उसी समय हजरत इस्माइल की जगह एक डूंबे को रखा दिया। इससे हजरत इस्माइल को जीवनदान मिल गया। उन्ही के याद में बकरीद मनाया जाता है। नमाज के बाद सभी ने एक दूसरे से गले मिलकर बकरीद की बधाईयां भी दिया। कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष इकबाल रजा, शरीफुल हक , मो उस्मान, मो जमाल, अब्दुल मनान वारसी, मो तौकीर रजा, मो कयूम, मो सगीर, हाफिज तैयब मुफ्ती, मुजाहिद, मकबूल अंसारी, अधिवक्ता इम्तियाज हाजी, मो हासिम, मो सलामत, सरीफुद्दीन अंसारी, उस्मान अंसारी, पप्पू खान, शहीदुल्लाह अंसारी, हाजी जहूर, अजहर अंसारी, इमरान खान, मो मुख्तार, अब्बास अंसारी, रमजान अंसारी एवं इलियास खान आदि ने एक दूसरे को मुबारकबाद दी है।

## दहेज एक सामाजिक अभिशाप है, इस पर रोक लगाना जरूरी है : गोपाल सिंह

### दहेज उन्मूलन समिति क्षत्रिय महासभा उतरी छोटा नागपुर की त्रिमासिक बैठक में संगठन मजबूती पर चर्चा

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**



बैठक में शामिल क्षत्रिय महासभा के लोग

बरही क्षत्रिय धर्मशाला में रविवार को दहेज उन्मूलन समिति क्षत्रिय महासभा उतरी छोटा नागपुर की त्रिमासिक बैठक संसदीय कार्य मंत्री सह राष्ट्रपति पुरस्कृत प्रधान शिक्षक ईशो सिंह के निर्देशन की गई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष सह सभापति गोपाल सिंह एवं संचालन प्रधान महासचिव प्रभु नारायण सिंह के द्वारा किया गया किया। बैठक की शुरुआत क्षत्रिय धर्मशाला के प्रांगण में झंडोतोलन व राष्ट्रगान गाकर ,भारत माता की जय, क्षत्रिय एकता जिंदाबाद के नारे लगाते हुए एवं भूतपूर्व सभापति के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व दीप प्रजवल्लित कर की गई। सर्वप्रथम अध्यक्ष गोपाल सिंह के द्वारा त्रिमासिक बैठक पर संक्षिप्त चर्चा करते हुए समाज उत्थान पर बल देने को कहा गया। उन्होंने कहा दहेज एक सामाजिक अभिशाप है, इस पर रोक लगाना जरूरी है।। उपस्थित लोगो ने बारी–बारी से क्षत्रिय समाज के विकास पर चर्चा व ग्राम कमिटी को सशक्त बनाने, दहेज पर लगाम लगाने, खर्चीली दिखावा विवाह पर रोक लगाने आदि विषयों पर चर्चा विस्तार पूर्वक किया गया। पूर्व में विकास हेतु सहयोग राशि का जो घोषणा किए थे और वह अभी तक जमा नही हो पाया है उसे अविलंब जमा करने का नम्रता पूर्वक दिशा निर्देश दिया गया। ताकि धर्मशाला कार्य जो अभी तक अधूरा है वह पूरा हो सके। युवा अध्यक्ष राज सिंह चौहान ने समाज उत्थान हेतु सबसे पहले आपस मे हो रही फुट व एक दूसरे के प्रति रखने वाले ईर्ष्या को समाप्त करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि छोटे–बडे सभी क्षत्रिय लोग को एक सम्मान भाव से देखना होगा, जिससे किसी के सम्मान में ठेस न पहुँचे। तभी समाज का उत्थान होगा। कोषाध्यक्ष सतेंद्र सिंह ने भी अभी तक हुए आय–व्यय का ब्यौरा की संक्षिप्त सूची प्रस्तुत किया। मौके पर पंचायत चुनाव में निर्वाचित जिला परिषद, पंचायत समिति सदस्य, प्रमुख–उपप्रमुख, मुखिया–उपमुखिया, वार्ड सदस्य को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम सभापति गोपाल सिंह, मुख्य संरक्षक सह पूर्व सभापति अवधेश कुमार सिंह, संसदीय कार्य मंत्री सह राष्ट्रपति पुरस्कृत प्रधान शिक्षक इशो सिंह, मुख्य मार्ग दर्शक सलाहकार समिति के अध्यक्ष जगदीश सिंह, उपाध्यक्ष त्रिभुवन सिंह, शम्भू सिंह, सचिव सतेंद्र सिंह, प्रधान महासचिव प्रभु नारायण सिंह, महासचिव राकेश कुमार सिंह, युवा अध्यक्ष राज सिंह चौहान, महामंत्री रामचन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष सतेंद्र सिंह, चम्पा प्रगणा अध्यक्ष कृष्ण देव नारायण सिंह, बनगाँवा प्रगणा अध्यक्ष मिथिलेश सिंह, क्षत्रिय स्वर्ण अखिल भारतीय राष्ट्रीय अध्यक्ष सीव डीव सिंह, कैलाशपति सिंह, हजारीबाग जिला अध्यक्ष दिनेश्वर सिंह, डाड़ी प्रखंड से जिला परिषद सदस्य सर्वेश सिंह, मुकेश सिंह, बिनोद सिंह, राजकिशोर सिंह, सरयू सिंह, किशोर सिंह, रविन्द्र सिंह, प्रभु सिंह, शिवनारायण सिंह, इंद्रदेव नारायण सिंह, मनोज सिंह, आदि सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## गाली गलौज एवं पति के दूसरा शादी करने पर पीड़ित महिला ने थाना में दिया आवेदन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत करसो पंचायत के डूमरडीह निवासी गायत्री देवी ने बरही महिला थाना में आवेदन देते हुए कहा की मेरे पिता जगदीश यादव ग्राम बच्छई थाना चौपारण के रहने वाले मेरी शादी आज से आठ वर्ष पूर्व वर्ष 2014 में हिंदू रीति रिवाज के तहत अजय यादव पिता दीपन महतो ग्राम डूमरडीह थाना बरही निवासी के साथ यथा शक्ति दान दहेज देकर मेरी शादी संपन्न हुई थी। शादी के कुछ समय बाद से ही मेरे पति अजय यादव एवं मेरे भैसुर दोनो के पिता दीपन महतो, सास सहोदरी देवी पति दीपन महतो, ससुर दीपन महतो पिता स्व टेकन महतो, गोतनी पार्वती देवी पति विजय यादव सभी ग्राम डूमरडीह थाना बरही निवासी मेरे साथ गाली गलौज, मारपीट एवं शारीरिक और मानसिक रूप से मुझे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। इसी बीच मेरे भाई और पिता ने कई बार पंचायत भी कराए पंचायत के बाद कुछ दिन तक ठीक ठाक था परंतु पुनः वही रवैया दोहराने लगे। साथ ही मुझे पागल और बांझ कहकर मुझे प्रताड़ित करते रहते थे। जिससे परेशान होकर मैं बरही महिला थाना में 7 जून को आवेदन दी थी। जिसपर दोनो पक्ष को बुलाकर दोनो का समझाया गया। वहीं 12 जुलाई को दोबारा थाना में आने के लिए नोटिस भी दिया गया है। इसी बीच बीते रात मेरे पति अजय यादव दूसरी शादी कर लिए है। और जब वह दूसरी शादी कर कर आए तब मुझे इस बात की जानकारी मिली। पीड़िता महिला ने बरही महिला थाना में आवेदन देते हुए न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

## सरकारी जमीन नदी नाला और तालाब के अतिक्रमण के खिलाफ कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के द्वारा कल से शुरू होगा अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल



**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




हजारीबाग जिले सहित पूरे क्षेत्र में बहुत ही तेजी से सरकारी जमीन नदी नाला और तालाब का अतिक्रमण और भू माफियाओं के द्वारा लूट जारी है। इसी मन. मानी को लेकर ओबीसी जिला सचिव दीपक गुप्ता ने प्रेस वार्तालाप कर बताया की कांग्रेस जिला ओबीसी अध्यक्ष सुरजीत नागवाल के अध्यक्षता में जिला धरना स्थल पर जिला कांग्रेस के साथ भू माफियाओं के द्वारा धीरे–धीरे करके प्रत्येक नदी नाला और तालाब को भर कर के जमीन को मनमाने तरीके से बेच दिया जा रहा है। इस पर जिला प्रशासन पूरी तरह से मौन है।जिले में जितनी भी सरकारी जमीने में एक–एक करके लूट लिया जा रहा है। अवैध रूप से कब्जा करके बेच दिया जा रहा है इसको लेकर अनिश्चित भूख हड़ताल करने जा रही है। इसके साथ ही श्री गुप्ता ने कहा की जिसमें स्थानीय प्रशासन भी मुक–दर्शक होकर उसे सहयोग करने में जुड़ा है। इसी का कारण है कि हजारीबाग में आए दिन थोड़ी भी बारिश होने पर लोगों के घरों में पानी घुस जा रहा है इसके साथ ही साथ धीरे–धीरे हजारीबाग जिले क्षेत्र सुखा जोन की ओर बढ़ता जा रहा है। ओबीसी अध्यक्ष सुरजीत नागवाल ने भी बताया की एक और जहां उच्च न्यायालय का भी आदेश है कि जल स्रोतों का अतिक्रमण किसी तरह नहीं किया जाना चाहिए उसके बावजूद हजारीबाग में बहुत ही धड़ल्ले से सभी तरह के जल स्रोतों का अतिक्रमण हो रहा है और सरकारी जमीन की लूट बड़े पैमाने पर हो रही है। इन्हीं सब जन मुद्दों को लेकर कांग्रेस ओबीसी मोर्चा और कांग्रेस के साथी गण हजारीबाग के जिला के भू माफियाओं के द्वारा किए जा रहे अतिक्रमण और जमीन लूट खिलाफ अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल करेगी। इसमें जिले के सभी समाजसेवियों को भूख हड़ताल में अपनी भागीदारी देने की अपील भी किया।

## ऑनलाइन वेबीनार का आयोजन कर दी गई नई शिक्षा नीति की जानकारी

### डीएवी स्कूल में तीन दिवसीय शिक्षण प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



डीएवी पब्लिक स्कूल बरही मे नई शिक्षा नीति को लेकर तीन दिवसीय अ०नलाइन वेबिनार के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। सात जुलाई से 9 जुलाई तक डीएवी सीएई के तत्वधान में झारखंड जोन डी के ए आर ओ (स्वतंत्र प्रभार) डॉ उर्मिला सिंह के कुशल निर्देशन में डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के प्राचार्य अशोक कुमार सिंह के मार्गदर्शन में कुशलतापूर्वक संपन्न हुआ । विदित हो कि पूर्व की भांति हर वर्ष की तरह शिक्षक शिक्षिकाओं के पठन–पाठन में गुणवत्तापूर्ण सुधार के साथ–साथ वर्तमान समय में होने वाले परिवर्तनों को आत्मसात करते हुए बच्चों के संपूर्ण विकास हेतु इस तरह के कार्यक्रम का डीएवी प्रबंधन की ओर से आयोजन किया जाता रहा है। विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने कहा कि इस बार का प्रशिक्षण कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर पूरी तरह आधारित था। जिसके तहत शिक्षा एवं शिक्षण को बेहतर तरीके से प्रस्तुत करने के लिए शिक्षक और शिक्षिकाओं को तैयार किया गया। उन्होंने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के शिक्षण के साथ–साथ उनके जीवन में आने वाले विभिन्न प्रकार की चुनौतियों के लिए भी तैयार करना होता है ।हमारा यह कर्तव्य हो जाता है कि बच्चों के अंदर छिपे हुए उनके कौशल को उभार कर उसे कुशलतापूर्वक निर्देशित करते हुए सफल मार्ग दिखाना। इस अवसर पर विद्यालय में सभी विषयों के शिक्षक शिक्षिकाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया ।हिंदी ,अंग्रेजी, गणित, संस्कृत, विज्ञान, सामाजिक अध्ययन, ईडीपी विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया था ।विद्यालय की ओर से धर्मेंद्र कुमार सिंह ,ममता सिंह, पूनम ज्योति ,आलोक कुमार सिन्हा ,प्रवीण कुमार राय, अजीत राणा ने रिसोर्स पर्सन के तौर पर अपनी विशेष प्रस्तुति प्रदान की ।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## होली एंजेल्स पब्लिक स्कूल धनबाद में बिरसा मुंडा स्काउट एंड गाइड का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

### बिरसा मुंडा स्काउट एंड गाइड ने होली एंजेल्स पब्लिक स्कूल में त्रिदिवसीय प्रशिक्षण प्रमाण पत्र का हुआ वितरण





**अपेम लाइव**

होली एंजल पब्लिक स्कूल सहयोगी नगर, सेक्टर 4, हीरक रोड धनबाद में बिरसा मुंडा स्काउट एंड गाइड के द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन किया गया समापन सत्र की अध्यक्षता कर रहे प्रधानाध्यापक मिथिलेश कुमार ,मुख्य अतिथि सरायढेला थाना प्रभारी वीर कुमार एवं विशिष्ट अतिथि विद्यालय के संरक्षक संजय कुमार सिंह के अलावा बिरसा मुंडा स्काउट एंड गाइड के सचिव पप्पू पंडित उपस्थित रहे। होली एंजेल्स पब्लिक स्कूल के स्काउट के बच्चों ने 3 दिनों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रथम दिन बच्चों को ट्रैकिंग के लिए ले जाया गया जहां पर स्काउट के बच्चों को नेचर कलेक्शन ,कबड्डी, रिले रेस, हैंकी रेस, मैसेज पास, फास्टेड, ड्रील इत्यादि से परिचय करवाया गया। इस तरह से भारतीय खेलों को प्रतिस्पर्धा में लाने का प्रयास किया जा रहा है। दूसरे दिन बिरसा मुंडा स्काउट एंड गाइड के शिक्षकों के द्वारा योग करवाया गया योग में आसन प्राणायाम कठिन व्यायाम के रहस्य को समझाया गया बच्चों ने मन लगाकर इस व्यायाम आसन में भाग लिया साथ ही मन को एकाग्र करने के लिए वृक्षासन के बारे में भी बताया गया। अंतिम दिन समापन समारोह में बच्चों को सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्राणायाम, पिरामिड, मार्च पास्ट, परेड ,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, जल संरक्षण, वृक्ष लगाओ जीवन बचाओ,गेजेट, जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बारे में बताया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरायढेला थाना के प्रभारी वीर कुमार ने कहा कि बच्चे आज जिस मानसिकता से गुजर रहे हैं उनके लिए स्काउट एंड गाइड का जो प्रयास है वह बहुत ही सफल प्रयास है इस प्रयास से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ेगा, शारीरिक क्षमता का विकास होगा साथ ही बच्चों में जो हीनता का भावना है वह समाप्त होगा। कोरोना रूपी बीमारी से जिस प्रकार हम मर रहे हैं उससे बचने का एकमात्र उपाय बच्चे को शुरू से ही स्काउट एंड गाइड का प्रशिक्षण अभिभावक जरूर दें।बच्चे एक दूसरे को समझ सकेंगे इसके लिए स्काउट एंड गाइड के प्रशिक्षकों को मैं धन्यवाद देना चाहता हूं। विशिष्ट अतिथि संजय कुमार से कहा कि बच्चे कल का भविष्य है मैं प्रयास करूंगा कि सभी विद्यालयों में बिरसा मुंडा स्काउट एंड गाइड के शिक्षकों को यह मौका मिले कि वह बच्चों को रेगुलर क्लास स्काउट का करवाएं इसके लिए हम लोगों को जितनी मदद करना होगा हम लोग करेंगे।मैं यह देख रहा हूं कि यह कार्यक्रम सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं है बल्कि दूसरे के जीवन में परिवर्तन करने की शक्ति स्काउट में है इसलिए मैं अभिभावकों से अनुरोध करता हूं कि वह अपने बच्चों को स्काउट एंड गाइड क्षमता को कम नहीं आंके ,स्काउट पूर्ण शारीरिक मान. सिक विकास का द्योतक है

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के शिक्षक प्रशांत कुमार, गोरांग मोदी, विजय कुमार, विनोद दास, उपेन्द्र कुमार ,आरके झा, अशोक कुमार, काकली मैडम, प्रियंका मैडम, मांडवी मैडम के अलावा बिरसा मुंडा स्काउट एंड गाइड के जिला संगठन आयुक्त शैलेश रंजन, मुख्य प्रशिक्षक रिक्की कुमार साव,प्रबंधक मिथिलेश कुमार, विपुल कुमार गाइड शिक्षिका मौसमी कुमारी, शीतल कुमारी,आदि के देखरेख में प्रशिक्षण संपन्न हुआ।

## बरसोत में धूम धाम से मनाया गया ईद - उल - अजहा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत बरसोत पंचायत में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने ईदगाह में नमाज अदा किया। वहीं मौके पर मौजूद अंजुमन कमेटी के सदस्यो ने ने बताया की इस्लामिक मान्यता के अनुसार अल्लाह के हुक्म पर हजरत इब्राहिम ने अल्लाह के रजा के लिए अपने बेटे हजरत इस्माइल की कुर्बानी अल्लाह के राह में देने जा रहे थे। लेकिन अल्लाह ने उसी समय हजरत इस्माइल की जगह एक दुमबे को रख दिया। इससे हजरत इस्माइल को जीवनदान मिल गया। और उसी समय से बकरीद मनाया जाने लगा। साथ ही सभी नमाजियों ने देश में आपस के मोहब्बत, भाईचारा और अमन शांति बनाए रखने के लिए नमाज अदा किया गया। मौके पर मुखिया मोती लाल चौधरी, सलीम खान, सदर अनवर खलीफा, रज्जाक खान, इमरान खान, राजा खान, सोहराब खान, फराह खान, सलमान खान, शाहिद खान, शाकिर मौलवी, युवा नेता फिरदोश खान, फरमान खान, तस्लीम खान, सुजीत कुमार, सोनू कुमार, गुलाब खान, सलामत खान, कलीम खान सहित दर्जनों अन्य लोग मौजूद थे।

## जीप सदस्य का जनता दरबार दर्जनों लोगों ने समस्या रखी

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा सूर्यकुण्ड परिसर में आयोजित जनता दरबार कार्यक्रम में दर्जनों लोगों ने अपनी समस्यायों का रखा । सूर्यकुंड धाम परिसर में जिला परिषद सदस्य प्रेरणा प्रिया के द्वारा जनता दरबार का समय निर्धारित किया गया था जिसमे दर्जनों लोगों ने अपनी समस्याओं को रखा,मुख्यतः प्रधानमंत्री आवास योजना से सबंधित समस्या,वृद्धावस्थापेंशन योजना सबंधित समस्यों के अलावे जमीनी विवाद से सबंधित मामलों को लोगों ने रखा।बिजली बिल सबंधित समस्या,पेयजल सं. बंधित समस्या,राशन कार्ड संबंधित समस्या,प्रधानमंत्री उज्जवला योजना से संबंधित समस्याओं को लोगों ने बारी-बारी से रखा। उपस्थित लोगों ने आमजनों के जनसुविधाओं के अनुरूप जनसमस्याओं से अवगत करवाया जनता दरबार कार्यक्रम में जिला परिषद प्रतिनिधि चंद्रकांत पाण्डेय,ने कहा कि जनता दरबार में दर्जनों लोगों ने अपनी जनसम्मस्यओं के साथ-साथ जनहित के लिए समस्याओं को लिखित रूप से रख रहें हैं और इन जन शिकायतों का निदान भी करवाया जा रहा है!आगे भी सबंधित विभागों से जनशिकायतों को निदान करवाया जायेगा मौके पर पंचायत बेलकप्पी उपमुखिया छत्रु ठाकुर, पंचायत समिति प्रतिनिधि राजकुमार गिरि, समाजसेवी सुरेश कुमार पाण्डेय, पूर्व वार्ड सदस्य नंदकिशोर ठाकुर, ललितेश्वर पाण्डेय, अजीत कुमार पाण्डेय, जागेश्वर नायक, पंकज पाण्डेय, वैजनाथ गोस्वामी, रिंकू माली, देवा. चंद यादव, सुरेश ठाकुर, तालो बास्के, रजनीकांत पाण्डेय,ब्रह्मदेव लाल,अर्जुन राम,लक्ष्मण यादव, आशिष कुमार, राजकुमार मोदी, कपिलदेव पासवान, त्रिभुवन ठाकुर, महेश पासवान, आशीष पाण्डेय, कौशल पाण्डेय,बिरेंद्र ठाकुर, नारायण,सुधीर पाण्डेय, दुलारचंद रविदास, कुरो मांझी, नारायण साव,पितांबर रविदास, नारायण रविदास, मनोज कुमार, भीम भूंईयां समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए ।

## शांति सौहार्द से मनाई गई बकरीद





**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**

बरकट्ठा व चलकुशा प्रखंड क्षेत्र मे बकरीद पर्व सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाई गई. बरकट्ठा स्थित रजा जामा मस्जिद बरकट्ठा में बकरीद की नमाज सुबह 7 बजे मस्जिद के पेशे ए इमाम मतीनुर रहमान ने अता कराई. नमाज में बरकट्ठा के अलावा आस पास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नमाजी शामिल हुए. इमाम मतीनुर रहमान ने इलाके में अमन चौन शांति के लिए दुआएं मांगी. इमाम मतीनुर रहमान ने नमाज के पूर्व अपनी तकरीर में कहा कि ईद उल अजहा का त्यौहार अकीदत और त्याग का प्रतीक है. बकरीद में कुर्बानी देना हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम की सुन्नत है त्यौहार में कुर्बानी तीन दिनों तक दी जाती है जिसें सभी संपन्न व्यक्तियों को देना आवश्यक होता है. नमाज के पश्चात लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी, बकरीद पर्व पर हाजी मो कलीम खान, मो यासीन खान बाबू, मो जाहिद खान, मौलवी मेराज खान, सत्तार खान, गफ्फार खान, मो कमाल खान, मो जसीम खान,मो बबलू खान, मो वसीम खान ने बरकट्ठा के तमाम लोगों को बकरीद की शुभकामनाएं दी. बरकट्ठा के अलावा चल. कुशा प्रखण्ड के चलकुशा, मसकेडीह, पलमा, रागडीह, चौबे, सलेडीह, जमसोती समेत बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम सक्रेज, घंघरी, तरबेचवा, मेरमगड्ढा, बरवां, कोनहराखुर्द, शिलाडीह, गोरहर, जमुआ, कोनह. राकला, बेड़ोकला के मस्जिदों में भी ईद उल अजहा की नमाज रविवार की सुबह पढ़ी गई. इस अवसर पर बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, प्रखंड प्रमुख रेणु देवी, पूर्व जिप सदस्य दयमंती देवी, मीना देवी, मुखिया प्रमिला देवी, मुखिया मो अब्बास, अधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद, पूर्व मुखिया बसंत साव, समाजसेवी दर्शन सोनी, जीप सदस्य कुमकुम देवी, पंसस प्रीति गुप्ता समेत अन्य लोगों ने मुस्लिम धर्मालंबियों को बकरीद की मुबारकबाद दी है. पर्व को लेकर बरकट्ठा में पुलिस प्रशासन की मुकम्मल व्यवस्था की गई थी इंस्पेक्टर अमित कुमार लकड़ा, थाना प्रभारी बरकट्ठा विक्रम कुमार, थाना प्रभारी गोरहर राधा कुमारी अपने पुलिस बल के साथ मुस्तेद रहे व सुरक्षा का जायजा लेते रहे ।









सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## चौपारण मुखिया संघ अध्यक्ष बने बिरेन्द्र रजक

### मुखिया के हक व अधिकार की लड़ाई लडूँगा : बिरेन्द्र रजक

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



प्रखंड में एक पखवाड़े से नवनिर्वाचित मुखिया संघ के चुनाव तथा संगठन के गठन पर विराम लग गया। रविवार को पीके इंटरनेशनल होटल के सभागार में मुखिया संघ के चुनाव को लेकर मानगढ़ मुखिया अर्जुन पांडेय की अध्यक्षता में बैठक हुई। संचालन पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष रा. जदेव यादव ने किया। बैठक में 26 पंचायत के नवनिर्वाचित मुखिया में 20 मुखिया पंचायतों के मुखिया शामिल हुए। सव. सम्मति से बच्छई के मुखिया वीरेंद्र रजक के नाम का प्रस्ताव आया। 20 मुखिया ने वीरेंद्र रजक के प्रति समर्थन किया। बैठक में सर्व मत से पांड़ेबारा के मुखिया रेखा देवी को सचिव, दादपुर पंचायत के मुखिया गंदौरी दांगी को उपाध्यक्ष, करमा मुखिया देवंती देवी को कोषाध्यक्ष तथा 75 वर्षीय मानगढ़ मुखिया अर्जुन पांडेय को संघ का संरक्षक बनाया गया। नवनिर्वाचित मुखिया वीरेंद्र रजक ने कहा कि मुखिया द्वारा जो जिम्मवारी दी गई उसे ईमानदारी से निर्वाहन करूंगा। संघ के सभी मुखिया के मान सम्मान के लिए हर कदम खड़े रहकर साथ निभाउंगा। बिरेन्द्र रजक ने अध्यक्ष बनाने के लिए सभी निर्वाचित मुखिया के प्रति आभार प्रकट किया। बैठक में चौथी, बेला, चौयकला, यवनपुर, दैहर, ताजपुर और झापा पंचायत के मुखिया को छोड़ कर सभी मुखिया बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य रूप से प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा, संजय राणा, आकाश राज, मुखिया उमा देवी, मंटु सिंह, अर्चना हेमर०न, कृष्णा रविदास, पिंकी देवी, पूजा कुमारी, सुनीता देवी, पप्पू कुमार, मंजू देवी, सरिता देवी, सुनीता देवी, अनिता देवी, सरिता देवी, मुखिया प्रतिनिधि बिनोद सिंह, दशरथ यादव, शिव पासवान, प्रमेश्वर साव, मोहन साव, रणधीर प्रसाद, कैलाश पासवान, राजकुमार यादव, संतोष भुइयाँ, सहित कई लोग उपस्थित थे।

## धूम धाम से मनाई गई बकरीद ईदगाह में पढ़ी गई नमाज

**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा. प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव में बकरीद का पर्व हर्षोल्लास, शांति एवं भाईचारे के साथ मनाया गया। ईद उल अजहा की नमाज सुबह 7रू00 बजे से लेकर 8रू30 बजे के बीच संपन्न हुआ. ईद की नमाज के बाद लोग एक दूसरे से गले मिलकर बधाई दिए. प्रखंड के मसकेडीह, कटघरा, चलकुशा, सलैयडीह, रागडीह, पलमा, दुमदुमा, चौबे, लक्ष्मीपुर, खरगु आदि समेत प्रखंड के विभिन्न गांव के ईदगाह में ईद उल अजहा की नमाज अदा की गई तथा प्रखंड एवं देश के लिए अमन चौन एवं शांति की दुआ मांगी गई.विधायक अमित कुमार यादव ने इस त्योहार को आपसी भाईचारे एवं सद्भावना के साथ मनाने कि अपील किया। वहीं जिप सदस्य सविता सिंह लोगों को ईदगाह पर जाकर ईद उल अजहा की मुबारकबाद दी।और एक दूसरे से मिल जूल कर त्योहार मनाने कि अपील की। इस मौके पर सलीम अंसारी, मोइनुद्दीन, महबूब अंसारी, इसलाम अंसारी, तफजुल हुसैन, तसल्ली अंसारी, इत्यादि लोग शामिल थे।

## दी आर्य भट्ट इंस्टीट्यूट ने दसवीं एवं बारहवीं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित













**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही हज़ारीबाग रोड में स्थित प्रतिष्ठित संस्थान आर्यभट्ट इंस्टीट्यूट ने रविवार को सम्मान समारोह का आयोजन कर दसवीं एवं बारहवीं में सफल हुए विद्यार्थियों को किया सम्मानित करने के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि डॉ भैरव शंकर अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान, +2 विद्यालय के अध्यक्ष नरेश सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्व. लित कर किया । विद्यालय ट०पर, संस्थान टॉपर, अनुमण्डल ट०पर एवं जिला में पांचवा स्थान प्राप्त करने वाले 4 विद्यार्थी प्रियांशु सिन्हा, प्रियंका कुमारी, सोनल केशरी, एवं सूरज कुमार को मोमेंटो देकर मुख्य अतिथि ने समानित किया। वहीं सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान के द्वारा बरही अनुमण्डल टॉपर में प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को चेक देकर राज सिंह चौहान ने समा. नित किया। क्रमश प्रियंका कुमार को 2100, निशा यादव को 1500 एवं नीतू यादव को 1100 का चेक राज सिंह चौहान के द्वारा सौपा गया। वहीं दसवीं एवं बारहवीं के आर्ट्स, कॉमर्स एवं साइंस के 200 विद्यार्थियों को मैडल पहना एवं प्रसस्ति पत्र देकर समा. नित किया गया। संस्थान को ओर से वैश्विक महामारी कोरोनाकाल के दौरान योद्धा रूपी सहभागिता देने वाले योद्धा राज सिंह चौहान एवं डॉ भैरव शंकर अग्रवाल को मोमेंटो दे कर समानित किया एवं +2 उच्च विद्यालय के अध्यक्ष नरेश सिंह को मोमेंटो दे कर समानित किया गया। साथ ही इस कार्यक्रम में शामिल देश की चौथी स्तंभ सभी सम्मानित पत्रकारों को डायरी और पेन देकर सम्मानित किया गाय। मुख्य अतिथि डॉ अग्रवाल ने कहा कि सभी बच्चों को एक साल कम से कम यूपीएससी की तैयारी करनी चाहिए ताकि बच्चों में बौद्धिक विकाश हो सके एवं यूपीएससी की तैयारी करने से भले आप सफल न हो लेकिन आपके पास ज्ञान की एक तिजोरी अवश्य रहेगी। जिससे आप किसी भी क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन कर सकते है। सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान ने कहा कि बरही प्रखण्ड में स्थित दी आर्य भट्ट संस्थान वाकई में शिक्षा के क्षेत्र में सरहानीय कार्य कर रही है। एवं सभी बच्चों को संस्कार अर्जित करते हुए अपने अपने क्षेत्र में अपना भविष्य बनाएं। संस्थान के संचालक अरुण शर्मा ने कहा कि विगत कई वर्षो से दी आर्य भट्ट इंस्टीट्यूट ने ट०पर रिजल्ट देता आया है जिसमें विद्यार्थियों की मेहनत एवं शिक्षकों के प्रयास और लगन का फल है की हर वर्ष संस्थान के विद्यार्थियों बहुत अच्छे प्रदर्शन करते है। मौके पर उपस्थित संस्थान के शिक्षक अरुण शर्मा, कुंदन कुमार, रमेश महतो, नीतू यादव, कमलकांत, सुरेंद्र प्रजापति, चंदन साव, अभिषेक पांडेय, कमल प्रजापति, निशि राणा, शशि कुमार, अदित राणा, अककॉउंटेंट सिमा यादव उपस्थित थे। समानित होने वाले छात्रों में प्रियंका कुमार, प्रियांशु सिन्हा, सूरज कुमार, सोनल केशरी, निधि कुमारी, अनिता कुमारी, अनिता प्रजापति, कृर्ति,पूजा कुमारी, काजल कुमारी, अनुभव आनंद, अनिकेत ठाकुर, सिकन्दर कुमार, मो तौकीर, मो इरशाद, सुकृति कुमारी, कृति कल्याणी, सौम्या दीक्षित, रानी सिंह, स्वीटी कुमारी, ड०ली कुमारी, निक्की कुमारी, पुम्मी पांडेय, आयुष पांडेय, रोहित कुमार, रौशन कुमार, रोहरतश कुमार, गुनगुन कुमारी, अंकिता ठाकुर, सौम्या कुमारी, अजय सिंह, कुंदन कुशवाहा, कुंदन सिंह, सूरज कुमार, छोटू कुमार, मोहित कुमार, विशाल सिंह, जयंत कुमार, मुस्कान कुमारी, सृष्टि कुमारी, दृष्टि कुमारी, सपना कुमारी सहित कई छात्र शामिल है।









सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## विष्णुगढ़ में मेधावी विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

### सफलता से बढ़ता है समाज का गौरव : रामनारायण सिंह

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ में मेधावी सम्मान समारोह को संबोधित करते अतिथि

मैट्रिक तथा इंटरमीडिएट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में रविवार को एम्बिशन कोचिंग सेंटर द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर राम नारायण सिंह, विशिष्ट अतिथि कुसुम्भा मुखिया दुलारचंद पटेल, डिवाइन पब्लिक स्कूल, बरकट्ठा के संचालक आईपी भारती आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके उपरांत कला संकाय में 433 अंक लाकर प्रखंड टॉपर रही संजना कुमारी, सेकंड टॉपर रही सुमन कुमारी समेत कई अन्य विद्यार्थियों को अतिथियों ने उपहार समेत पारितोषिक देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि आपकी सफलता से समाज का गौरव बढ़ता है। मेहनत करने से कभी कतराना नहीं चाहिए। विद्यार्थियों के किसी भी समस्या के समाधान के लिए तत्पर रहूंगा। मुखिया दुलारचंद पटेल ने कहा कि समय का सही सदुपयोग करें और अपनी प्रतिभा को निखारें। विशिष्ट अतिथि आईपी भारती ने कहा कि किसी भी विद्यार्थी को माता-पिता तथा गुरु का सम्मान करना चाहिए। उक्त तीनों के लिए कुछ करने का संकल्प लें। यही तीनों आपको मंजिल तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होंगे। जीवन में आने वाले अन्य सभी स्वार्थवश एवं अवसरवादी होते हैं। ऐसे लोगों से विद्यार्थियों को बचना चाहिए। कोचिंग संचालक राजेश कुमार ने छात्रों को अल्प संसाधनों के बीच निरंतर मेहनत करने की सलाह दी।मौके पर पवन प्रताप सिंह, ब्रजेश कुमार, प्रदीप कुमार महतो, मनोरंजन कुमार, दीपक तिवारी, देवेंद्र कुमार, पारसनाथ सिंह, रश्मिलता आदि मौजूद थे।

## मुखिया तकरीमुल्लाह खान एवं शिक्षक चेतलाल राम के संयुक्त प्रयास से नाली की सफाई जेसीबी मशीन के द्वारा की गई

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव में प्रसिद्ध काली मंदिर के सामने नाली जाम हो जाने के कारण मंदिर प्रांगण में हमेशा गंदे पानी का जलजमाव होता रहता है। थोड़ी बरसात हुई नहीं कि मंदिर प्रांगण तालाब बन जाता है। जलजमाव के कारण काली मंदिर में पूजा अर्चना करने वाले श्रद्धालुओ एवं आदर्श मध्य विद्यालय बड़कागांव के छात्र-छात्राओं को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। मंदिर प्रांगण में जल जमाव एक बड़ी समस्या है, जो वर्षों से कायम है। इसे देखते हुए बड़कागांव मध्य पंचायत के नवनिर्वाचित मुखिया तकरीमुल्लाह खान एवं शिक्षक चेतलाल राम के संयुक्त प्रयास से नाली की सफाई जेसीबी मशीन के द्वारा की गई। विदित हो कि सड़क के दोनों किनारे पर नाली का निर्माण सिंह कंस्ट्रक्शन के द्वारा किया जा रहा है ।परंतु संवेदक के द्वारा वर्तमान में निर्माण कार्य बंद कर दिया गया है। पानी निकासी का द्वार नहीं होने के कारण बरसात का गंदा पानी का जमाव मंदिर परिसर मे हो जा रहा है । मुखिया तकरीमुल्लाह खान ने कहा कि बड़कागांव का काली मंदिर हिंदू आस्था का प्रतीक है हमें सभी धर्मों का सम्मान करना चाहिए ताकि आपसी भाईचारा और सद्भावना बनी रहे ।जल्द से जल्द नाली निर्माण कराने के लिए सिंह कंस्ट्रक्शन के संवेदक से बात करेंगे ताकि जल्द से जल्द ही नाली का निर्माण हो सके। नाली की सफाई करवाने में मुख्य रूप से मुखिया तकरीमुल्लाह खान, शिक्षक चेतलाल राम, अरविंद सोनी, लखेश्वर मिश्रा, दिनेश सिन्हा , उमेश गुप्ता, दीनानाथ मालाकार, प्रमोद गुप्ता, मुनेश कुमार राम, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संतोष राम, संजय सागर, शिव शंकर गुप्ता उर्फ भूलन साव, अनुज कुमार, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि संजय राम, गणेश राम, अभिषेक उर्फ बिट्टू शामिल हैं।

## पंसस महताब हुसैन ने इंटर साइंस के छात्रों को किया सम्मानित

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**


छात्रों को सम्मानित करते पंसस

पंचायत समिति सदस्य महताब हुसैन ने गैड़ा, बुकना तथा डुंगो क्षेत्र के इंटरमीडिएट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। जिसमें साइंस स्ट्रीम में 428 अंक प्राप्त कर सूरज कुमार शर्मा पिता इंद्रदेव शर्मा, 421 अंक प्राप्त कर सचिन शर्मा पिता राजेन्द्र शर्मा तथा 415 अंक प्राप्त कर शेख अमीर पिता शेख अबरार को माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर एवं प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने सभी को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कहा कि शिक्षा से ही हम बेहतर समाज का निर्माण किया जा सकता है। अपने चुनावी घोषणापत्र में ये वादा किया था जो आज पूरा कर रहा हूं। मैं चाहता हूं कि हमारे पंचायत के बच्चे सफलता की नई ऊंचाइयों को छुएं अपने माता-पिता के साथ पंचायत का नाम देश दुनिया को रौशन करें। मौके पर अनंत कुमार पाण्डेय, उपमुखिया सुनील शर्मा, वार्ड सदस्य शेख कमरुल्ला, समीर अंसारी, युवा समाजसेवी रवि पाण्डेय, जितेंद्र यादव, सुनील पाण्डेय, शेख अबरार, प्रकाश पाण्डेय, राजेन्द्र शर्मा, सुखदेव शर्मा, दिनेश शर्मा, विक्की रजक, शेख शोएब, सरिता देवी, सुखलाल शर्मा, मीना देवी, बेबी देवी, रेखा देवी, विवेक शर्मा, सूरज शर्मा, ऋषि शर्मा, रंजीत शर्मा, सोहन शर्मा, रोहन शर्मा, प्रभु रजक, धीरज राणा, बसंत शर्मा समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## जनप्रतिनिधियों ने महुदी पहाड़ बुढ़वा महादेव मंदिर प्रांगण मे पौधारोपण किया

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव महुदी पहाड़ स्थित बाबा बुढ़वा महादेव मंदिर प्रांगण में बड़कागांव मध्य जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी एवं उप प्रमुख वचनदेव कुमार के नेतृत्व में रंगबिरंगे फूल पौधे लगाए गए। पौधारोपण में मुख्य रूप से नारियल और रुद्राक्ष का पौधा के अलावा गेंदा फुल, एरिका पाम्प, निम्बू पत्ता करोटन, झूरी पत्ता करोटन, क्रिसमस पौधा, मंडी बेला फुल आदि पौधों को लगाया गया ।इस मौके पर मुख्य रूप से बड़कागांव मध्य जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, उप प्रमुख वचनदेव कुमार के अलावा ग्राम युवा अध्यक्ष अनुराग बसु, सचिव बब्लू कुमार मौर्या, कोषाध्यक्ष बिनोद कुशवाहा, उपाध्यक्ष शिबू सैनिक, सह सचिव अनिल राज, डा. विजय कुशवाहा, अजीत कुमार, महेश्वर कुमार, लक्ष्मण कुमार, रंजन कुमार, दीपेश कुमार, प्रदीप कुमार, राहुल कुमार, सुकेश कुमार, कृष्णा कुमार, मुकेश कुमार, विशाल कुमार, आदि दर्जनों लोग शामिल थे।

## विकास की बाट जोह रहा आदिवासी बहुल गांव डोमासिंघा





**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

गिरिडीह ज़िला मुख्यालय से करीब दस किलोमीटर दूर गिरिडीह कोवाड़ रोड पर स्थित जीतपुर पंचायत के जीतपुर गांव के डोमासिंघा टोला आज भी विकास से कोसों दूर है। पंचायत चुनाव हुए करीब ग्यारह साल बीतने को है मगर आज तक किसी भी पंचायत प्रतिनिधि ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। यहां के किसान भवन जिसका निर्माण कार्य दस साल पहले शुरु हुआ था तब से आज तक अधूरा पड़ा हुआ है, लावारिस हालत में पड़ा हुआ है। स्थानीय ग्रामीण जर्जर हो चुके अधूरे किसान भवन में बेजुबान जानवरो को बांध देते हैं। इसी गांव में मनरेगा कार्यालय भी निर्माण से लेकर आज तक अधूरापड़ा हुआ है , इस भवन में स्थानीय ग्रामीण पुआल रखते हैं। किसान भवन और पंचायत मनरेगा कार्यालय के पास स्थित चापानल खराब हुए पड़े हैं, दो तीन साल से। गांव में पानी निकासी को लेकर नाली नही होने के कारण गली का बुरा हाल है पानी गली में बहने से लोगों को आवाजाही में काफी परेशानी होती है, बरसात में तो सबसे ज्यादा बुरा हाल होता है ग्रामीणों को गली से गुजरने में। इस गांव में करीब चालीस आदिवासी परिवार रहते हैं। गिरिडीह, कोवाड वाया द्वारपहरी जमुआ रोड से इस टोला की दूरी मात्र दो सौ मीटर की होगी मगर आज तक ना ही गिरिडीह जिला प्रशासन ने इस गांव की सुध ली और ना ही किसी पंचायत प्रतिनिधि या जनप्रतिनिधि ने। इस गांव में गली की पीसीसी निर्माण आज से पंद्रह साल पूर्व किया गया था वो भी आधे गांव तक ही किया गया था। पीसीसी भी पूरी तरह से टूट और उखड़ कर जर्जर हो चुकी है।यहां के ग्रामिणो का कहना है कि पंचायत चुनाव के वक्त हरेक प्रत्यशी हम ग्रामीणों को समुचित विकास का सपना दिखाकर वोट ले लेते हैं और जितने के बाद दुबारा गांव की ओर नजर उठाकर देखना भी मुनासिब नहीं समझते। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि इस बार पंचायत चुनाव में मुखिया और जिला परिषद सदस्य दोनो को वोट देकर बदला है। नए मुखिया और जिला परिषद सदस्य ने पुनः एक बार हम ग्रामीणों को आश्वस्त किया है कि इस बार गांव को मुख्य पथ से जोड़ने हेतु योजना का प्रस्ताव गिरिडीह जिला प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा और गांव को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया जाएगा। नए मुखिया और जिला परिषद सदस्य के द्वारा किए गए वादों से काफी उम्मीदें लगा रखी है यहां के ग्रामीणों ने।



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूज़पेपर

## बक़रीद पर्व शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न

### लोगो ने एक दूसरे को दिया बक़रीद मुबारक


नमाज़ के बाद ईदगाह में मौजूद नमाजियों


मुबारकबाद देते उप प्रमुख और मुखिया प्रतिनिधि।

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**

बिरनी प्रखंड में शांतिपूर्ण तरीके से ईद उल अज़हा यानी बक़रीद सम्पन्न हुआ। बता दे कि इधर बलगो, चिरुडीह, बलिया,खेड़वारा, कुबरी, दलंगी, दौनीय, थरिया,मनकडीहा, मदंगुंडीह आदि गांवों में ईद उल अज़हा शांतिपूर्ण तरीके से बनाया गया। बता दे कि बक़रीद इस्लामिक मान्यता के अनुसार ईद–उल–अजहा के दिन अल्लाह के हुक्म पर हजरत इब्राहिम अपने पुत्र हजरत इस्माइल की कुर्बानी अल्लाह की राह में देने जा रहे थे। लेकिन अल्लाह ने उसी समय हजरत इस्माइल की जगह एक दुम्बे को रख दिया। इससे हजरत इस्माइल को जीवनदान मिल गया। उन्हीं की याद में बकरीद का पर्व मनाया जाता है। बक़रीद त्यौहार में मुस्लिम समुदाय लोग उस दिन सुबह नहा धोकर नया कपड़े पहनकर ईदगाह में जाकर नमाज़ अदा करते हैं। अदा करने के साथ इमाम ने लोगो को खुतबा सुनते अमान चौन के लिए दुआ किया। औऱ लोग एक दूसरे को गले लगा कर ईद उल अज़हा का मुबारकबाद दी।वही बक़रीद नमाज़ अदा करने के बाद बिरनी के उप प्रमुख शेखर सुमन साथ मे बलगो मुखिया प्रतिनिधि दीपक दास चिरुडीह पहुँचकर कर बक़रीद पर मुबारकबाद दे।

## नरेश कुमार नही रहे लोगों ने शोक व्यक्त किया

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव मुस्लिम मोहल्ला निवासी सती इंग्लिश अकैडमी हरली स्कूल के प्राइवेट शिक्षक संतोष कुमार के पिता 67 वर्षीय नरेश कुमार की लंबी जौंडिस की बीमारी के कारण इलाज के लिए हजारीबाग ले जाने के दौरान रास्ते में ही हो गई। इनके निधन पर प्रबुद्ध लोगों ने शोक व्यक्त किया है। नरेश कुमार अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। शोक व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ,मुखिया तकरीमुल्ला खान, पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, शिक्षक अनंत मिश्रा ,महेंद्र कुमार ,विनोद सिन्हा ,सुरेश लाल, मेवालाल नाग, अशोक साव , फिरोज आलम, फिरोज खान ,बबलू खान के अलावा कई विशिष्ट लोगों ने शोक व्यक्त किया।

APEM LIVE

## मुखिया अनिकेत नायक को मुखिया संघ का कार्यालय सचिव बनाए जाने पर लोगों ने खुशी जाहिर की

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव : चेपाकला पंचायत मुखिया अनिकेत कुमार नायक को मुखिया संघ बड़कागांव प्रखंड कार्यालय का सचिव बनाए जाने पर चेपाकला पंचायत के लोगो मे खुशी देखी जा रही है।पंचायत के नवयुवक चेपाकला पंचायत भवन पहुंच कर मुखिया अनिकेत नायक को बधाई दिया एवं आगे बेहतर कार्य करने के लिए शुभकामनाएं दी। बधाई देने मे वार्ड सदस्य सुनिल कुमार, वार्ड सदस्य बिनोद कुमार, अर्जुन ठाकुर, केदार राणा, नन्द किशोर राणा,अनिल करमाली, संदीप करमाली थे।

## गिरिडीह और आस पास के क्षेत्रों में शांति पूर्वक बकरीद मनाई गई





**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

आज बकरीद यानी ईद उल अजहा गिरिडीह और उसके आस पास के क्षेत्रों में शांति पूर्वक मनाई गई। इस्लाम धर्म के लोग सुबह सात बजे ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज अदा कर बकरे की कुर्बानी दी अपने अपने घरों में। साथ ही एक दूसरे को गले मिलकर बधाई दी। लगातार दो वर्षो से कोविड गाइ. डलाइन की बंदिशों में जकड़े लोग घरों के अन्दर ही पर्व त्यौहार मनाने को मजबूर थे। सरकार ने जब से गाइडलाइन में ढील दी लोग बेखौफ होकर घरों से बाहर निकल कर पर्व त्यौहार मनाने लगे हैं। इस्लाम धर्म में बकरीद के दिन कुर्बानी का बडा महत्व बताया गया है। यह एक बलिदान का त्यौहार है। इस्लाम धर्म के जानकारों का कहना है कि बकरीद में कुर्बानी के बाद मांस को तीन भागों में बांट दिया जाता है जिसमें से एक भाग अपने परिवार के लिए, दूसरा भाग पड़ोसियों के लिए और तीसरा भाग गरीबों में बांट दिया जाता है। चूंकि ऐसा हरेक परिवार नही कर पाता है जिसको खुदा ने बरक्कत दी है वे लोग ही ऐसा कर पाते हैं। बकरीद नाम को अरबी शब्द से लिया गया है, जिसका अर्थ होता है बलिदान। बकरीद को ईद उल जुहा और ईद उल आजहा के नाम से भी जाना जाता है। इस्लाम धर्म के जानकार कहते हैं कि बकरीद इस्लाम धर्म का दूसरा सबसे प्रमुख त्यौहार है। बकरीद त्यौहार रमजान खत्म होने के 70दिनों बाद आता है। कुरान के मुता. बिक एक बार अल्लाह ने पैगम्बर हजरत इब्राहिम की परिक्षा ली। अल्लाह ने हजरत इब्राहिम को आजमाते हुए उसे हुक्म दिया की वह अपनी सबसे प्यारी चीज़ को कुर्बान कर दे। हजरत इब्राहिम को 80साल की उम्र में औलाद नसीब हुई थी जिसके कारण वह अपने इकलौते बेटे से बेइंतहां प्यार करता था और बेटा उसे जान से भी ज्यादा अजीज था। लेकिन अल्लाह का हुक्म मिलने के बाद हजरत इब्राहिम मजबूर हो गया और उसने बेटे की मोहब्बत की जगह अल्लाह की बंदगी को चुना। हजरत इब्राहिम ने अल्लाह का नाम लेते हुए आंखे बन्द कर अपने बेटे की गर्दन पर छुरी चला दी लेकीन जब उन्होंने आंख खोला तो देखा कि उसके बगल में उसका बेटा खड़ा मुस्कुरा रहा है और बेटे की जगह बकरे जैसी शक्ल का जानवर कटा हुआ पड़ा है। ऐसा कहा जाता है कि उसी दिन से अल्लाह की राह में कुर्बानी देने की शुरआत हुई। इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार बारहवें महीने की 10तारीख को बकरीद का त्यौहार मनाया जाता है। बकरीद के दिन इस्लाम धर्म के लोग ईदगाह/मस्जिदों में जाकर नमाज अदा करते हैं और फिर बकरी की कुर्बानी देते हैं। इस्लाम धर्म के मुताबिक कुर्बानी सिर्फ और सिर्फ सवाब की नियत से ही की जानी चाहिए।




## यादव महासभा ने जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह आयोजित





**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

आज दिनांक 10/07/2022 को अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के द्वारा यादव छात्रावास निर्माण स्थल पतारी, गिरिडीह न्यू रेलवे स्टेशन के नजदीक गिरिडीह में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में नव निर्वाचित जनप्रति. निधियों एवं जेपीएससी में सफल अभ्यर्थियों का स्वागत सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया स सभी को माला पहनाकर, बुके देकर,श्री कृष्ण सम्मान प्रशस्ति पत्र व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया समुख्य अतिथि द्वारा संयुक्त रूप से वृक्षारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया स कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बतौर कोड. रमा लोक सभा सांसद प्रतिनिधि दिनेश यादव और जिला परिषद उपाध्यक्ष छोटे लाल यादव उपस्थित मंचासिन थे स विशिष्ट अतिथि के रुप मे प्रो जागेश्वर यादव एवम यादव महासभा के अमरजीत यादव मंचासिन थे स आज के कार्यक्रम की अध्यक्षता महासभा के जिलाध्यक्ष धनेश्वर यादव और संचालन पर्यावरणविद् शिव शंकर गोप एवम् राष्ट्रीय यादव सेना के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव ने किया स सभी जनप्रति. निधियों को सम्मानित किया गया स कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद प्रतिनिधि दिनेश यादव ने कहा कि आप सब का कार्यकाल अच्छा रहा तो जनता आपको पुनः मौका देगी स अपने क्षेत्र में पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ काम करें ताकि आने वाले चुनाव में पुनः दुबारा मौका मिले स उन्होंने यह भी कहा कि यादव समाज के पिछड़े और गरीब छात्र–छात्राओं की पढ़ाई पर भी जनप्रतिनिधियों को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है स गिरिडीह जिला परिषद उपाध्याक्ष छोटे लाल यादव ने कहा कि जिस उद्देश्य से हम लोगों को जनता ने प्रतिनिधित्व करने का जिम्मेदारी दिया है इसके विकास के लिए हर समय तत्पर रहेंगे स यदुवंशी समाज के विकास के लिए जनप्रतिनिधियों को तत्पर होना चाहिए और तन मन धन के साथ आगे आने की जरूरत है स यादव महासभा के सरजू गोप ने कहा कि यदुवंशी समाज को आगे बढ़ाने के लिए सभी को राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक विकास के लिए जनप्रतिनिधियों को आगे रहना पड़ेगा, उन लोगों का सहयोग भी करना पड़ेगा स राष्ट्रीय यादव सेना के जिलाअध्यक्ष धर्मेंद्र यादव ने सभी से अपील किया कि यदुवंशी समाज में शैक्षणिक स्तर को बढ़ावा देने के लिए छात्रावास का निर्माण करें और अपने समाज के गरीब छात्र छात्राओं को आगे बढ़ने में मदद करें ताकि समाज का उत्थान हो सके स अधिवक्ता कामेश्वर यादव महासभा के जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि समाज में बहु छोड़ छाड़, दहेज प्रथा को खत्म करने के लिए यादव महासभा के द्वारा अभियान चलाया जाएगा स पर्यावरणविद शिवशंकर गोप ने वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डाला स मीडिया कर्मियों को भी माला पहनाकर बुके देकर और अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मा. नित किया।कार्यक्रम में महासभा के उपाध्यक्ष राजेन्द्र यादव, प्रो विनोद यादव, कोषाध्यक्ष बासुदेव यादव, शिक्षक लक्ष्मण यादव, तिसरी के जिला परिषद सदस्य राम कुमार रावत, जिप सदस्य प्रमिला देवी, बेंगाबाद के जिला परिषद सदस्य प्रमिला देवी, बेंगाबाद के पूर्व प्रमुख राम प्रसाद यादव, मुखिया रामदेव यादव,अधिवक्ता कामेश्वर यादव,मोतीलेदा के मुखिया प्रमिला यादव,भा. जपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत यादव, अधिवक्ता जयदेव यादव, अधिवक्ता अर्जुन महतो, अधिवक्ता मनोज यादव, अधिवक्ता भुनेश्वर यादव,अमरजीत यादव, डुमरी प्रमुख उषा देवी, मंगल शास्त्री, मुखिया गुलावती देवी, मुखिया कुंती देवी, मुखिया सोनी देवी, पंचायत समिति सदस्य गुड़िया देवी, लालू यादव, प्रो विनोद यादव,छोटे लाल यादव,दिलीप कुमार यादव, सोनिया देवी, कांति देवी ,आशा देवी ,अशोक जाधव, रेनू कुमारी, सुनीता देवी, राहुल कुमार, प्रियंका देवी, अखिलेश यादव, रामदेव यादव, उषा देवी, देवेंद्र यादव, मीना कुमारी ,ममता कुमारी, सुनीता देवी ,सुबोध यादव ,सुभाष यादव, प्रमिला यादव, जानकी यादव ,सुरेंद्र यादव , बसंत यादव (खावा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य) सहित दर्जनों जनप्रतिनिधी उपस्थित थे सकार्यक्रम में पारंपरिक लोक गीत प्रस्तुत किया गया।